## खबर संक्षेप



### देशभक्ति के नारों के साथ दिया हर घर तिरंगा का संदेश

**उमरियापान।** हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान के अंतर्गत बुधवार को उमरियापान भाजपा मंडल में भव्य तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। रैली की शुरुआत बड़ी माई मंदिर से हुई, जो झंडा चौक, बस स्टैंड होते हुए अँधेली बाग पहुँची। जहाँ शहीद चंद्रशेखर आजाद और देशभक्ति नारों के साथ रैली का समापन हुआ। पूरे मार्ग में भारत माता की जय, वन्दे मातरम,तिरंगे झंडे की जय जैसे देशभक्ति के नारों की गूंज रही। रैली में जनप्रतिनिधि, जन अभियान परिषद के सदस्य, शासकीय महाविद्यालय उमरियापान व सरस्वती स्कूल के विद्यार्थी-शिक्षक, पुलिस और वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी भी शामिल रहे। इस अवसर पर अनुसूचित जनजातीय आयोग के प्रांत संयोजक सोहन सिंह ने राष्ट्रध्वज के सम्मान और एकता के महत्व पर संबोधित किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रध्वज केवल एक प्रतीक नहीं, बल्कि देश की एकता, अखंडता और बलिदान की पहचान है। उन्होंने सभी से अपील की कि स्वतंत्रता दिवस पर हर घर पर तिरंगा फहराकर देशप्रेम का संदेश दें। रैली में जिला मंत्री विजय दुबे, मंडल अध्यक्ष आशीष चौरसिया, राजेश ब्यौहार,ब्रजेश पटेल,जितेन्द्र अरोरा,जगन्नाथ मांझी,महामंत्री अंकित झारिया,राजू गर्ग, तांतू चौरसिया, प्रमोद असाटी, विनोद साहू,शैंकी चौरसिया, संदीप सोनी, राकेश दाहिया,दिनेश असाटी,रिंकू मिश्रा सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### स्वतंत्रता दिवस पर छात्रों को मिलेगा 'विशेष भोज'

**कटनी।** स्वतंत्रता दिवस के मौके पर कटनी जिले के सभी स्कूलों में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के तहत छात्रों को 'विशेष भोज' दिया जाएगा। इस भोज में सब्जी-पूरी-खीर या सब्जी-पूरी-हलुआ और साथ में लड्डू भी शामिल होगा। जिला पंचायत के सीईओ श्री शिशिर गेमावत ने ज़िला शिक्षा अधिकारी, सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला परियोजना समन्वयक तथा विकासखंड स्त्रोत समन्वयक को भोजन की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए सख्त निगरानी के निर्देश दिए हैं। उन्होंने निर्देशित किया कि यह ध्यान रखा जाए कि भोजन और लड्डू पूरी तरह से स्वच्छ और गुणवत्तापूर्ण हों। सीईओ श्री गेमावत ने यह भी स्पष्ट किया है कि संबंधित प्रधानाध्यापक और नोडल शिक्षक अपनी देखरेख में भोजन तैयार करवाएंगे। इसके अलावा, निरीक्षण रोस्टर के अनुसार, अंत्योदय कार्डधारी वृद्धजन और माताएं भी भोजन का निरीक्षण करेंगी और विशेष भोजन में हिस्सा लेंगी। जिले के किसी एक स्कूल में स्वतंत्रता दिवस के मुख्य अतिथि के लिए भी विशेष भोज का प्रबंध किया जाएगा।

### सर्पदंश से भाई बहन की मौत पर पीड़ित के घर पहुंचें एसडीएम



**स्लीमनाबाद।** तहसील क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत धरवारा मे गत दिनों सर्पदंश के शिकार से भाई - बहन की मौत हो गईं थी जिसके बाद एसडीएम राकेश चौरसिया बुधवार को धरवारा पहुंचें। जहाँ सर्पदंश से मृत हुए विजय कोल ओर उर्मिला कोल के घर पहुंचकर परिजनों को सांत्वना दी। साथ ही परिजनों को शीघ्र सर्पदंश के तहत मिलने वाली राहत राशि दिलवाने की बात कही। इसके बाद एसडीएम ग्राम पंचायत कार्यालय पहुंचें जहाँ ग्राम पंचायत कामकाज की जानकारी लेते वहां की समस्याओ को जाना। इस दौरान उपसरपंच अमित गर्ग, सचिव नरेंद्र राजपूत, पटवारी महेंद्र मिश्रा उपस्थित रहे।

फारेस्टर प्ले ग्राउंड से निकली भव्य तिरंगा यात्रा, प्रभारी मंत्री, सांसद, विधायकों सहित विद्यार्थियों ने भी की सहभागिता

# जनप्रतिनिधियों ने तिरंगा रैली से देशभक्ति व भाईचारे का दिया संदेश







हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता स्वतंत्रता का उत्सव, स्वतंत्रता के संग अभियान के श्रृंखला में बुधवार को फारेस्टर प्ले ग्राउंड से भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा का शुभारंभ मध्यप्रदेश शासन के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री तथा कटनी जिले प्रभारी मंत्री उदय प्रताप सिंह और लोकसभा खजुराहो के सांसद विष्णु दत्त शर्मा नें हरी झंडी दिखाकर यात्रा का शुभारंभ किया। तिरंगा यात्रा के दौरान विधायक मुड़वारा संदीप श्रीप्रसाद जायसवाल, महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी, कलेक्टर दिलीप कुमार यादव, पुलिस अधीक्षक अभिनव विश्वकर्मा, जिला पंचायत सीईओ शिशिर गेमावत, वनमंडलाधिकारी गौरव शर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक टंडन सोनी, निगमाध्यक्ष मनीष पाठक, एसडीएम कटनी प्रमोद चतुर्वेदी, डिप्टी कलेक्टर विवेक गुप्ता, निगमायुक्त नीलेश दुबे, मेयर इन काउन्सिल सदस्य सुभाष सहू, बीना संजू बैनर्जी, पार्षद शकुंतला सोनी, सीमा श्रीवास्तव, पूर्व महापौर शशांक श्रीवास्तव, पूर्व जिलाध्यक्ष रामरतन पायल महामंत्री सुनील उपाध्याय, भाजना नेता सुरेश सोनी, रौनक खंडेलवाल, आशीष गुप्ता सहित विभिन्न जनप्रतिनिधियों, अधिकारी कर्मचारी, नागरिकों, समाजसेवियों, स्वयंसेवी संगठनों, विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं और प्रबुद्धजनों की मौजूदगी रहीं।

तिरंगा यात्रा का शुभारंभ फारेस्टर प्ले ग्राउंड से किया गया। यह यात्रा एसबीआई तिराहा, थाना तिराहा (अहिंसा तिराहा), गांधी द्वार, सुभाष चौक, यूनियन बैंक चौराहा, मोहन टॉकीज रोड एवं इंद्र पैलेस होटल से होते हुए वापस फारेस्टेर ग्राउंड पहुंची जहां तिरंगा यात्रा का समापन किया गया। तिरंगा यात्रा के दौरान सैकड़ो की संख्या में छात्र छात्राएं हाथ में तिरंगे व भारत माता के जय जयघोष के साथ सम्मिलित हुए। तिरंगा यात्रा के दौरान भारी बारिश के बावजूद भी लोगों का देशभक्ति के प्रति उत्साह देखते ही बन रहा था। इस दौरान पूरा मार्ग भारत माता ,अमर बलिदानियों वीर सपूतों के लिए किए जा रहे जय - जयकार से शहर गुंजायमान हो रहा था। इस तिरंगा यात्रा का उद्देश्य राष्ट्र के प्रति सम्मान समर्पण एवं देशभक्ति प्रकट करना रहा ।

### स्लीमनाबाद में 2 किलोमीटर लंबी निकाली गईं तिरंगा यात्रा

तिरंगा अभियान के तहत बुधवार को स्लीमनाबाद तहसील मुख्यालय मे जिले की सबसे लंबी तिरंगा यात्रा निकाली गईं। तिरंगा यात्रा लगभग 2 किलोमीटर की रही, जिसमें 2 हजार से अधिक छात्र - छात्राये शामिल हुई। तिरंगा यात्रा पुलिस, शिक्षा व खेल विभाग के संयुक्त तत्वाधान मे निकाली गईं। यात्रा का आगाज थाना परिसर स्लीमनाबाद से हुआ जहाँ एसडीओपी आकांक्षा चतुर्वेदी, थाना प्रभारी अखिलेश दाहिया,संकुल प्राचार्य डी के ठाकुर, खेल समन्वयक चेतना झा ने हरी झंडी दिखाई साथ ही स्वयं तिरंगा यात्रा मे हाथों मे तिरंगा लेकर चले।

तिरंगा यात्रा थाना स्लीमनाबाद से शुरू होकर मुख्य बाजार होते हुए तिराहा पहुंची। यात्रा मे भारत माता के जयकारे व वन्दे मातरम के जयघोष गुंजायमान हो रहे थे। थाना परिसर से लेकर स्लीमनाबाद तिराहा तक लगभग 2 किलोमीटर लंबी यात्रा रही। यात्रा मे स्लीमनाबाद के 4 स्कूलों के छात्र -छात्राये सहित शाला स्टॉफ ने सहभागिता की। यात्रा मे सहभागिता करने वाले अधिकारी - कर्मचारी, छात्र -छात्राये, जनप्रतिनिधि व समाज सेवियों ने हाथों मे तिरंगा लेकर निकले। स्लीमनाबाद मे जहाँ तक देखो वहां तक तिरंगा यात्रा ही दिखाई दे रही थी। इस दौरान चंद्रशेखर अग्रहरी, अरविंद अग्रहरी, लखन दुबे, रानी दुबे सहित पुलिस कर्मियों, शिक्षकों व छात्र - छात्राओं की उपस्थिति रही। यात्रा समापन पर सभी को देश की एकता व अखंडता को बनाये रखने का संकल्प दिलाया गया।

महिला एवं बाल विकास विभाग

बाकल सेक्टर मे महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा भी तिरंगा यात्रा निकाली गईं। पर्यवेक्षक सुनीता बेन ने आँगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाओ के साथ हाथों मे तिरंगा लें गांव का भ्रमण किया साथ ही शपथ दिलाई गईं।

झिंझरी स्थित पुलिस लाइन में होगा जिले का मुख्य समारोह

## स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह की फुल ड्रेस रिहर्सल, परेड की ली सलामी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी





स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त को झिंझरी स्थित पुलिस मैदान में आयोजित होने वाले मुख्य समारोह में मुख्यड अतिथि के रूप में कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ध्वलजारोहण करेंगे और परेड की सलामी लेंगे।

स्वातंत्रता दिवस को आयोजित होने वाले परेड की फुल ड्रेस रिहर्सल का आयोजन बुधवार को झिंझरी स्थित पुलिस ग्राउंड में किया गया। इस रिहर्सल में जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत और पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा ने ध्वजारोहण किया और उसके बाद खुली जीप में सवार होकर परेड का निरीक्षण किया। सशस्त्र बल ने हर्ष फायर किया। उसके बाद जिला पुलिस बल, जिला पुलिस बल महिला, वन विभाग, एनसीसी स्का उट एवं गाइड के दलों ने परेड कर अतिथि को सलामी दी। अधिकारियों ने परेड के बाद दल प्रमुखों का परिचय प्राप्त किया। इस दौरान देश भक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृ तिक कार्यक्रमों का भी प्रदर्शन कर रिहर्सल किया गया।

इस मौके पर अपर कलेक्टर साधना परस्ते, अतिरिक्तत पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष डेहेरिया, एसडीएम कटनी प्रमोद कुमार चतुर्वेदी, जिला आबकारी अधिकारी विभा मरकाम, डिप्टीय कलेक्टर विवेक गुप्ता, जिला रोजगार अधिकारी डीके पासी, डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी तहसीलदार ज्योति लिल्हारे, शासकीय कन्या महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. चित्रा प्रभात सहित अन्यी विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

### सराफा कारोबारियों ने दुकान बंद कर किया प्रदर्शन



शहर में सराफा कारोबारियों का करोड़ों रूपए कीमती सोना की ठगी का मामले में बुधवार को व्यापारियों द्वारा दुकानें बंद कर विरोध प्रदर्शन किया गया। अंशुल सोनी नामक व्यापारी पर अन्य सराफा व्यापारियों का सोना हड़पने का आरोप है। पीड़ित व्यापारियों का करोड़ों का सोना अंशुल सोनी के पास है, जिसे वह वापस लौटा नहीं रहा। सराफा व्यापारियों का कहना है कि अंशुल सोनी उन पर दबाव बना रहा है कि वे अपने सोने का केवल 40 प्रतिशत मूल्य लेकर समझौता कर लें जबकि वे अपने पूरे सोने की वापसी की मांग कर रहे हैं। इसी के विरोध में नाराज सराफा व्यापारियों ने अपनी दुकानें बंद रखीं और बाजार में हड़ताल कर प्रदर्शन किया। व्यापारियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही उनकी मांगें नहीं मानी गईं, तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा और जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

## बाघ को देख उड़े होश, पेड़ में चढ़ बचाई जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरही



बड़वारा वन परिक्षेत्र अन्तर्गत ग्राम करेला के जंगल में शेषमणि केवट 40 वर्ष निवासी करेला दोपहर करीब 2 बजे सब्जी के लिए पिहरी लेने गया था। इसी बीच वहां घूम रहे बाघ की नजर पौढ़ पर पड़ी, आहट पाकर शेषमणि केवट जब देखा तो उसके होश उड़ गए। बाघ से बचने के लिए वह पेड़ में चढ़ गया। बाघ पेड़ के नीचे तक आ गया। शेषमणि ने अगल बगल बकरी चरवाहों को बाघ के होने की सूचना देने के लिए चिल्लाया। सभी इकठ्ठा होकर शोर मचाने लगे तब बाघ वहां से भागा। घटना भलुआ नाला के उपर करेला वीट बफर जोन एरिया के बगल की है। इसकी सूचना वनविभाग बरही व पुलिस बीटीआर टीम खितौली को दी गई।

वन परिक्षेत्र अधिकारी बरही गोविंद नारायण शुक्ला अपने अमले के घटना स्थल पहुंचे। बांधवगढ़ की टीम खितौली के द्वारा बाघ के हमला करने से बचाया और प्रौढ़ को पेड़ से निचे उतरा गया और बाघ को खदेड़ कर उस एरिया से भगाया गया। घटना स्थल पर बीटीआर रेंजर खितौली स्वस्ति जैन, थाना प्रभारी बरही शैलेन्द्र सिंह यादव व खितौली प्रभारी बघेल अपने पुलिस स्टाफ के साथ पहूंचे। बरही वन परिक्षेत्र बफर जोन एरिया व टाइगर रिजर्व से लगा हुआ क्षेत्र है इसलिए बाघ विचरण करते हुए भटकते रहते हैं।

वन परिक्षेत्र अधिकारी का कहना है अभी समान स्थिति है हमारे वन विभाग के कर्मचारी वीटगार्ड चौकीदार तैनात हैं गस्त चल रही है सुरक्षा को लेकर गांव में मुनादी कराई गई है जंगल की ओर न जायें।

तिरंगा देशी की एकता अखंडता एवं बलिदान का प्रतीक

## ऐतिहासिक किला से भारत माता की जयकार के साथ निकाली तिरंगा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ विजयराघवगढ़



स्वतंत्रता दिवस से पूर्व तिरंगा यात्रा का आयोजन उत्साह और देशभक्ति के माहौल में किया गया। प्रशासन, छात्र, महिला बाल विकास, सामाजिक संगठन और युवाओं की टोली ने हाथों में तिरंगा लेकर मुख्य मार्गों पर रैली निकाली। रैली की शुरुआत किला के प्रांगण से हुई, जहां पर राष्ट्रगान गाकर यात्रा का शुभारंभ किया गया। मार्ग में लोगों ने ₹भारत माता की जय₹ के नारों से रैली का स्वागत किया।

इस मौके पर उपस्थित गणमान्य लोगों ने कहा कि तिरंगा सिर्फ एक झंडा नहीं, बल्कि देश की एकता, अखंडता और बलिदान का प्रतीक है। बच्चों और महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, जिससे पूरे वातावरण में देशभक्ति की गूंज सुनाई दी। यात्रा का समापन जनपद पंचायत कार्यालय पर हुआ जंहा जनपद उपाध्यक्ष उदय राज सिंह चौहान जी रैली का आभार ज्ञापित किया और शहीदों को नमन करते हुए कार्यक्रम संपन्न हुआ। सुरक्षा के लिए पुलिस बल तैनात रहा और पूरे आयोजन में शांति और सौहार्द का माहौल बना रहा।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा मंडल अध्यक्ष श्रीराम सोनी , जनपद उपाध्यक्ष उदय राज सिंह चौहान, नगर परिषद अध्यक्ष राजेश्वरी दुबे , मनीष देव मिश्रा, जयवंत सिंह चौहान, आशुतोष सराफ , अभिषेक मिश्रा, मनोज बड़गिया, हरीश दुबे शिवम गुप्ता संदीप मिश्रा , संता विश्वकर्मा अजय मिश्रा op सोनी हाफिज निजामुद्दीन दीपक कच्छवाह , समस्त पार्षद, जनपद पंचायत के अधिकारी कर्मचारी गण, स्कूल के शिक्षक छात्र,महिला बाल विकास के समस्त अधिकारी कर्मचारी ,नगर परिषद के अधिकारी कर्मचारी , गणमान्यजनों की उपस्थिति रही ।

आज मनाया जायेगा हलषष्ठी व्रत, पूजन सामग्री खरीदने बाजार में रही भीड़

## संतान की दीर्घायु व मंगल कामना के लिए माताएँ रखेंगी हलषष्ठी व्रत

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



भाद्रपद कृष्ण पक्ष की षष्ठी तिथि का हिंदुओं के लिए बड़ा महत्व है। इस दिन बलराम जयंती मनाई जाती है। इस दिन माताएँ संतान की दीर्घायु के लिए व्रत रखती है। यह व्रत पुत्रवती माताएं रखती हैं। मान्यताओं के अनुसार जो महिलाएं सच्चे मन से ये व्रत रखती हैं तो उसकी संतान दीर्घायु होती है, उसे तरक्की मिलती है। धन ऐश्वर्य की प्राप्ति होती है। पुत्र के सारे कष्ट दूर हो जाते है।

पंडित रमाकांत पौराणिक ने बताया कि 14 अगस्त गुरुवार को हलषष्ठी व्रत है। यह निराहार व्रत रखा जाता है, इस दिन हले से बोई अन्न या सब्जी बिल्कुल नहीं खाना चाहिए। भैस के दूध का सेवन किया जाता है। इस व्रत के दिन महिलाएं भैंस के दूध से बने दही और महुआ को पलाश के पत्ते पर खाती हैं। हलषष्ठी व्रत के लिए जो पूजा सामग्री लगती है उसमें भैंस का दूध, घी, दही और गोबर,महुए का फल, फूल और पत्ते,ज्वार की धानी,मिट्टी के छोटे कुल्हड़, भुना हुआ चना, घी में भुना हुआ महुआ लाल चंदन, मिट्टी का दीपक, सात प्रकार के अनाज लगते है।

हलषष्ठी व्रत को लेकर उपयोग मे होने वाले सामग्री की खरीददारी के लिए बाजार मे चहल -पहल देखने को मिल रही है। वंश वृद्धि के लिए बांस से बने चुनका, चुनकी सहित अन्य जरूरी पूजा सामग्री की खरीददारी की जा रही है। साथ ही बेटी के मायके से हलषष्ठी व्रत के लिए सभी चीजें भेजना का क्रम शुरू हो गया है।

### जन्माष्टमी पर्व को लेकर मंदिरों में में शुरू हुई तैयारियां

भाद्रपद मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि 16 अगस्त शनिवार को भगवान श्रीकृष्ण का जन्मदिन यानि जन्माष्टमी का पर्व मनाया जाएगा।खास बात यह है कि इस बार वे सभी दुर्लभ संयोग रहेंगे जो कान्हा के जन्म के समय रहे थे।पंडित दिलीप त्रिपाठी ने बताया कि इस वर्ष जन्माष्टमी पर कई वर्षों बाद ऐसा दुर्लभ संयोग बना है,जो बहुत ही दुर्लभ है।भगवान श्रीकृष्ण का जन्म भाद्रपद मास कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को रोहिणी नक्षत्र की मध्य रात्रि में होगा।जन्माष्टमी पर अर्ध कालीन तिथि,रोहिणी नक्षत्र,वृष के चंद्रमा का दुलर्भ संयोग बन रहा है।पहली बार ये तीनो संयोग एक साथ बन रहे है। साथ ही जयंती योग भी बन रहा है। इस वर्ष जयंती योग के दिन शनिवार पड़ रहा है जो अति उत्कृष्ट दिन है।

जन्माष्टमी पर्व को लेकर मंदिरों मैं तैयारियां शुरू हो गई है।सिंहवाहिनी मंदिर,बांके बिहारी मंदिर, हरिदास ब्रजधाम कोहका,खिरहनी स्थित जगदीश धाम मंदिर,कौड़ियि स्थित श्रीराम जानकी मंदिर मे तैयारियां की जा रही है।स्लीमनाबाद स्थित सिंहवाहिनी मंदिर मे जन्माष्टमी पर्व पर बुधवार को सुबह 9 बजे बाल गोपाल का अभिषेक,3 बजे महिला मंडल के द्वारा रामायण व भजन कीर्तन, रात्रि 9 बजे रामायण व भजन संध्या व 12 बजे नन्दलाल का जन्मोत्सव मनाया जाएगा। वहीं लघु वृन्दावन धाम बांधा इमलाज मैं भी जन्माष्टमी का पर्व उत्साह पूर्वक मनाया जाएगा।



## बारडोली वेलफेयर सोसायटी द्वारा निकाली गई तिरंगा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

बारडोली वेलफेयर सोसायटी द्वारा शासकीय हाई स्कूल एवं जन अभियान परिषद के संयुक्त तत्वाधान में ग्राम हीरवारा, विकास खण्ड कटनी में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर मुख्य रूप से पुष्पा दुबे ( प्रिंसिपल) नरेंद्र कुमार (शिक्षक) निशा शुक्ला, कैलाश सर, जन अभियान परिषद् से बालमुकुंद मिश्रा, दीक्षा मैडम, संगीता बर्मन, कार्यक्रम अधिकारी शिवकुमार चौधरी, आशा बर्मन एवं श्रीकान्त पटेल ने तिरंगा यात्रा को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान प्रदान किया गया।

## खबर संक्षेप

### नवोदय में 11वीं कक्षा के लिए अंतिम तिथि बढ़ी

**कटनी।** पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय, बड़वारा में सत्र 2025-26 के लिए कक्षा 11वीं में प्रवेश हेतु आवेदन की अंतिम तिथि 20 अगस्त तक बढ़ा दी गई है। पूर्व में अंतिम तिथि 10 अगस्त थी। विद्यालय के प्राचार्य आदित्य प्रताप सिंह ने बताया कि नवोदय विद्यालय समिति, वरिष्ठ कार्यालय के निर्देशों के अनुसार, यह निर्णय लिया गया है। इच्छुक छात्र नवोदय विद्यालय समिति की आधिकारिक वेबसाइट से फॉर्म डाउनलोड कर सकते हैं। इस फॉर्म को भरकर ईमेल आईडी पर भेज सकते हैं, या फिर सीधे विद्यालय काउंटर पर भी जमा कर सकते हैं। प्रवेश के लिए शैक्षणिक योग्यता और अन्य शर्तें पूर्ववत रहेगी।

### पेंशन हितग्राही 31 अगस्त के पूर्व कराएं आधार ई-केवाईसी

**कटनी।** नगर निगम के योजना प्रभारी रविशंकर पांडेय नें नगर निगम सीमान्तर्गत समस्त पेंशन हितग्राहियों को सूचित करते हुए कहा है कि ऐसे पेंशन हितग्राही जिन्होंने अब तक समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवाईसी नहीं कराई है वे तत्काल एम.पी. ऑनलाइन, नगर निगम जोनल कार्यालय अथवा नगर निगम कार्यालय से संपर्क करते हुए समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवायसी कराना सुनिश्चित करें। इस संबंध में किसी भी प्रकार की समस्या होने पर नगर निगम की पेंशन शाखा कक्ष क्रमांक 42 में संपर्क किया जा सकता है। योजना प्रभारी नें जानकारी देते हुए बताया कि मप्र शासन, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, मंत्रालय द्वारा शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुँचाने तथा अपात्र हितग्राहियों को पृथक करने हेतु समस्त हितग्राहियों की ई-केवाईसी अनिवार्य कर दी गई है। ऐसी स्थिति में शासन द्वारा समस्त हितग्राहियों 31 अगस्त 2025 के पूर्व ई-केवाईसी कराने हेतु सूचित करने का निर्णय लिया गया है। आधार ई-केवाईसी नहीं कराए जाने की वजह से किसी भी पेंशन हितग्राही की पेंशन बंद (होल्ड) होने पर इसकी सम्पूर्ण जवाबदारी स्वयं हितग्राही की होगी।

### 235 आँगनबाबाडी केंद्रों मे निकाली गईं हर घर तिरंगा रैली

**स्लीमनाबाद।** महिला एवं बाल विकास विभाग परियोजना बहोरीबंद मे स्वतंत्रता दिवस को लेकर हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता, स्वतंत्रता का उत्सव स्वच्छता के सँग थीम पर बहोरीबंद विकासखंड की सभी 235 आँगनबाड़ी केंद्रों मे हर घर तिरंगा रैली निकाली गईं। विकासखंड के बाकल सेक्टर मे पर्यवेक्षक सुनीता बेन की उपस्थिति मे तिरंगा रैली कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें आँगनबाड़ी कार्यकर्ताओ, सहायिकाओ व महिलाओ की सहभागिता रही। सेक्टर पर्यवेक्षक सुनीता बेन के द्वारा स्वच्छता एवं स्वतंत्रता के बारे मे जानकारी दी!कहा कि आजादी की क़ीमत हमें नहीं भूलना चाहिए!तिरंगे का सम्मान करना हमारा महत्वपूर्ण धर्म है!इसकी रक्षा तन -मन -धन से हम सभी को करनी चाहिए। तिरंगा रैली निकाल सभी को हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता, स्वतंत्रता के उत्सव मे अधिक से अधिक लोगो की सहभागिता हेतु जागरूक किया साथ ही स्वच्छता एवं राष्ट्रप्रेम को जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया।

### रंगोली, चित्रकला एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

**कटनी।** हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छताऱ कार्यक्रम शासन के निर्देश तथा आयुक्त नगर निगम नीलेश दुबे के मार्गदर्शन में ए रविन्द्र राव स्कूल के रंगोली, राखी, चित्रकला और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रभारी प्राचार्य ने जानकारी देते हुए बताया कि आयोजित प्रतियोगिता में छात्रों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए एक से बढ़कर एक देशभक्ति का संदेश प्रसारित करती प्रस्तुतियां दी गई। प्रतियोगिता उपरांत सभी प्रतियोगी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया गया। प्रत्येक प्रतियोगिता के लिए अलग-अलग प्रभारी शिक्षकों और स्टाफ की सक्रिय सहभागिता सराहनीय रही।

भगवान श्रीकृष्ण के जन्माष्टमी पर्व में उमड़ती है श्रद्धालुओं की भारी भीड़

# अद्भुत रहस्यों को संजोय है लघु वृन्दावन धाम भारी वर्षा के बीच तीन दिनों तक बजी थी बांसुरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव का पर्व जन्माष्टमी शनिवार को समूचे जिले मे हर्षोल्लास पूर्वक मनाई जाएगी जिसको लेकर श्रीकृष्ण मंदिरों मैं तैयारियां जारी है। रोहिणी नक्षत्र में शनिवार की मध्यरात्रि भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मनाया जाएगा। भगवान श्रीकृष्ण की कविंदतियो को लेकर जिले के लघु वृन्दावन धाम बांधा इमलाज आज भी सँजोयकर रखा हुआ है।



## ऐसी प्रचलित है किवदंती

लघु वृन्दावन धाम की जो किवंदती है वह यह है कि उक्त स्थान पर भादो मास के कृष्ण पक्ष पर ही भगवान श्रीकृष्ण के द्वारा घनघोर वर्षा के बीच बांसुरी बजाई थी जो तीन दिनों तक बजी थी। क्षेत्र के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पूर्व विधायक लाखन सिंह सोलंकी द्वारा रचित काव्य में भी इसका उल्लेख किया गया है कि लगभग 111 वर्ष पूर्व तीन दिनों तक भगवान की बांसुरी प्रत्यक्ष रूप से बजी थी।जब वे 16-17 वर्ष की आयु के थे जब यह चमत्कारिक घटना घटी थी और हजारों की संख्या में लोगों ने भगवान की चमत्कारिक लीला का आनंद प्राप्त किया था।

उक्त मंदिर के सर्वराहकार पाठक परिवार के द्वारा यह भी एक घटना बताई जाती है ।कि उक्त मंदिर की निर्माण सामग्री से संबंधित पत्थर इत्यादि की ढूलाई के लिए दो भैंसे भूरा एव चंदू रहे हैं। जिन्होंने मंदिर की पूरी सामग्री की ढूलाई बैलगाड़ी के माध्यम से करी थी और उन भैंसो की मृत्यु मंदिर में ही भगवान के गर्भ ग्रह के सामने की सीढ़ियों में हुई थी यह भी एक विशिष्ट अद्वितीय घटना थी।

## श्री कृष्ण की जीवंत लीला का प्रमाण धाम है बांधा मंदिर

भगवान श्री राधाकृष्ण जी का परम अलौकिक चमत्कारिक श्री राधाकृष्ण मंदिर लघु वृंदावन धाम बांधा भगवान श्री कृष्ण की जीवंत चमत्कारिक लीला का प्रामाणिक मंदिर है। सन 1929 में भाद्र मास में भगवान की तीन दिनों तक लगातार बांसुरी बजने की प्रत्यक्ष चमत्कारिक लीला घटी थी।

वर्ष 1915 में बांधा ग्राम के मालगुजार गोरेलाल पाठक के द्वारा उक्त मंदिर निर्माण की आधारशिला रखी गई। मंदिर निर्माण हेतु नींव निर्माण के कार्य होते समय ही अचानक गोरेलाल पाठक का देवलोक गमन हो गया इसके पश्चात मंदिर निर्माण का संकल्प उनकी पत्नी पूना देवी ने अपने पारिवारिक सदस्यों को साथ लेकर पूर्ण किया । 11 वर्ष की अवधि में सन 1926 में मंदिर निर्माण पूर्ण हुआ तथा सन 1927 में भगवान श्री राधाकृष्ण जी,बलदाऊ जी की प्राणप्रतिष्ठा हुई । मंदिर निर्माण में उस समय कुल लागत 15 हजार रूपए नगद तथा गोरेलाल पाठक की 11 ग्रामों की मालगुजारी क्षेत्र की भूमि से उपजा हुआ अन्न व्यय हुआ था ।मंदिर निर्माण हेतु समस्त पत्थर समीपस्थ ग्राम सैदा,जमुनिया से आए थे। मंदिर निर्माण के प्रधान कारीगर के रूप में बिलहरी ग्राम के भिम्मे बर्मन,नर्मदा प्रसाद बर्मन एवम सरजू बर्मन रहे हैं। वर्तमान मे गोरेलाल पाठक की चौथी पीढ़ी वर्तमान में मंदिर में सेवारत है। भगवान की पूजन ,उपासना प्रतिदिन वैदिक रीति विधि से संपन्न होती है। प्रत्येक माह की पूर्णिमा को भगवान की भव्य महाआरती तथा प्रत्येक सनातन धर्मी उत्सव यहां धूमधाम से आयोजित होते हैं ।



# प्रकरणों का त्वरित निराकरण करने अधिकारियों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में यहां पहुंचे 107 आवेदकों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। यह जनसुनवाई अनुविभाग, तहसील, विकासखंड और ग्राम पंचायत स्तर पर भी आयोजित की गई। इस मौके पर अपर कलेक्टर साधना परस्ते, एसडीएम कटनी प्रमोद कुमार चतुर्वेदी, डिप्टी कलेक्टर विवेक गुप्ता एवं विंकी सिंहमारे उइके सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी मौजूद रहें।

जनसुनवाई के दौरान ग्राम अंतर्वेद निवासी वि□ष्णु प्रसाद लोधी ने आवेदन देते हुये आग्रह किया कि मेरे पुत्र मुकेश कुमार लोधी का निधन करंट लगने की वजह से हो गया था। मृत्यु उपरांत सहायता राशि हेतु सभी कागजी कार्यवाही के बाद अनुग्रह राशि का स्वीकृति पत्र तो मिल गया पर अभी तक राशि खाते में नहीं आई। इस पर कलेक्टर श्री यादव ने नाजरात शाखा को शिकायत का निराकरण करने के निर्देश दिए।

ग्राम बड़खेरा निवासी प्रिंस पटेल ने बताया कि मैंने कई बार अपना आधार कार्ड सुधरवाया परंतु मेरा आधार नहीं सुधर पा रहा है। इस वजह से मुझे दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मेरा आधार कार्ड सुधरवा दीजिए। इस पर कलेक्टर श्री यादव ने ई-गवर्नेंस को आधार कार्ड में सुधार कर शिकायत का निराकरण करने के निर्देश दिए।

*उमरियापान पंचायत भवन एवं ढीमरखेड़ा महाविद्यालय में कार्यक्रमों का हुआ आयोजन*

# हर घर तिरंगा अभियान को लेकर रंगोली और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान

शासकीय महाविद्यालय ढीमरखेड़ा में हर घर तिरंगा,हर घर स्वच्छता, स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग अभियान के अंतर्गत रंगोली एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।प्रतियोगिता में छात्र छात्राओं ने हिस्सा लिया। रंगोली प्रतियोगिता में बीएससी तृतीय वर्ष की छात्रा लक्ष्मी पटेल प्रथम,दिव्या यादव द्वितीय और बीएससी प्रथम वर्ष की छात्रा सोनालिका तृतीय स्थान पर रही।

प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में भारतीय ध्वज के विकासात्मक इतिहास पर आधारित सभी प्रश्नों को प्रभारी प्राचार्य डॉ. बृजलाल अहिरवार ने छात्र-छात्राओं के बीच रखे।



कार्यक्रम नोडल अधिकारी स्मिता परसाई,डॉ. श्वेता सिंह बघेल,डॉ. मनीषा व्यास ने परिणाम जारी किए। जिसमें बीए प्रथम वर्ष के चन्द्रमुखी बर्मन प्रथम, द्वितीय स्थान पर सरजू कोल एवं बीएससी प्रथम वर्ष के देव विश्वास एवं बीए प्रथम वर्ष की नंदनी लोधी ने तृतीय स्थान हासिल किया। कार्यक्रम को संपन्न कराने में डॉ.सचिन कोस्टा, डॉ. मनोज कुमार गुप्ता,युवराज कुमार तिवारी, संतोष आचार्य,मनीष कुमार,जितेन्द्र कुमार सहित महाविद्यालय स्टाफ का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

## तिरंगा थीम पर बनाई रंगोली

हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान के तहत महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा उमरियापान पंचायत भवन में कार्यक्रम आयोजित किया गया। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं ने तिरंगा थीम पर रंगोली बनाई और तिरंगा थाली सजाकर देशभक्ति का संदेश दिया। सेक्टर सुपरवाइजर मंजू मिश्रा ने उपस्थितजनों को हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता, स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग अभियान की जानकारी दी। कार्यक्रम में सरपंच अटल ब्यौहार, जनपद सदस्य शैलेन्द्र पौराणिक, मंडल महामंत्री अंकित झारिया, पीसीओ योगेंद्र असाटी, सचिव रमेश झारिया, जीआरएस अतुल चौरसिया,रामकुमार राजपाल, बिहारी झारिया, शिव शंकर बर्मन, महेंद्र दाहिया सहित आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं और ग्राम की महिलाएं मौजूद रहीं।

## सांसद व्हीडी शर्मा ने स्वच्छता मित्र बहनों से बंधवाई राखी



जिला भाजपा कार्यालय में बुधवार को सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने स्वच्छता मित्र बहनों सहित महिला मोर्चा की पदाधिकारियों तथा सैकड़ों की तादात में उपस्थित बहनों से राखी बंधवाई। उन्होंने कहा कि मैं भाजपा जिला कार्यालय में रक्षाबंधन के इस पावन पर्व पर बहनों से राखी बंधवाकर कृतार्थ हुआ। सांसद श्री शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की सरकार तथा डॉक्टर मोहन यादव के नेतृत्व वाली मध्यप्रदेश सरकार ने बहनों के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं शुरू की हैं । जिनसे आज हमारी बहनों का जीवन स्तर सशक्त हुआ तथा वे आत्मनिर्भर बनीं। सांसद श्री शर्मा ने सभी बहनों के पैर छुए तथा उनसे आशीर्वाद लिया। जिला कार्यालय में पारिवारिक माहौल के बीच आयोजित इस आत्मीय आयोजन में बड़ी संख्या में बहनों ने उपस्थित भाजपा पदाधिकारियों को राखी बांधी। जिला अध्यक्ष दीपक सोनी टण्डन ने बहनों के आशीर्वाद को जीवन की पूंजी बताते हुए कहा कि हमारा सौभाग्य है कि आज हमारी बहनों ने रक्षा सूत्र के रूप में भाइयों की रक्षा का कवच बांधा।

# संयुक्त संचालक लोक शिक्षण ने 9 शिक्षकों को जारी किया कारण बताओ सूचना पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

संयुक्त संचालक लोक शिक्षण अरूण कुमार इंगले द्वारा विगत दिनों जिले के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिपरौंध और शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पहाड़ी निवार का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान पिपरौंध स्कूल के 7 शिक्षक बिना सूचना एवं आवेदन पत्र के स्कूल से अनुपस्थित रहे। जबकि पहाड़ी निवार स्कूल के 2 शिक्षक कक्षा में गाइड का प्रयोग कर छात्रों को पढ़ाते मिले, जिस पर नाराजगी व्यक्त करते हुये संयुक्त संचालक ने कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया है। इन सभी को 7 दिवस के अंदर अपना तथ्यात्मक प्रतिवाद प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गए हैं।

**बिना सूचना के अनुपस्थित रहने तथा गाइड से अध्यापन कराने पर जवाब तलब**

## इन्हें जारी हुआ नोटिस

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के जिन 7 शिक्षकों को बिना सूचना एवं आवेदन पत्र दिये अनुपस्थित रहने पर कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है, उनमें शिक्षक चंद्रकांता दुबे, नीलू वर्मा, शिल्पा तिवारी, सायरा बानो, अरूण कुमार एवं लेखापाल रामसुजान व पीटीआई प्रमोद बिहरिया शामिल है। बिना आवेदन के इन सभी के गायब रहने से शैक्षणिक व्यवस्था में व्यवधान पैदा होने पर नोटिस जारी किया गया है। इसी प्रकार शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पहाड़ी निवार के 2 उच्चतर माध्यमिक शिक्षक क्रमशः जयंती इक्का और संध्या तिवारी को कक्षा में गाइड का प्रयोग कर निरीक्षण के दौरान छात्रों को पढ़ाते पाये जाने पर नोटिस जारी किया गया है। शिक्षक को प्रचलित पुस्तकों से ही शिक्षण कार्य कराना चाहिए था। लेकिन गाइड से पढ़ाने के कृत्य को संयुक्त संचालक लोक शिक्षण ने इसे सिविल सेवा आचरण नियम के विपरीत और कदाचरण की श्रेणी में माना।

बताते चलें कि संयुक्त संचालक लोक शिक्षण ने 7 अगस्त को अपनी टीम के साथ पिपरौंध और पहाड़ी निवार स्कूल का निरीक्षण किया था। इस दौरान उपसंचालक लोक शिक्षण श्री पीपी सिंह भी मौजूद रहे।

*खाद विक्रय केन्द्रों मे दर सूची का बोर्ड लगाने दिये निर्देश*

# किसानों को मांग अनुसार मिलेगी खाद, जिले में पहुंची 1080 मीट्रिक टन यूरिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले में उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर दिलीप कुमार यादव द्वारा वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों से निरंतर संवाद और सार्थक प्रयासों की वजह से वर्तमान में खरीफ फसलों के लिए सर्वाधिक मांग वाली उर्वरक यूरिया खाद की एक और रैक झुकेही रैक प्वाइंट पर आ गई है। इससे कटनी जिले को 1080 मीट्रिक टन नीम कोटेड यूरिया मिली है। झुकेही रैक पाइंट से परिवहन कर यूरिया जिले में लाई जा रही है। इसके पहले बीते बुधवार को भी 813 मीट्रिक टन यूरिया जिले को मिली थी। इस प्रकार अब किसानों की जरूरत के लिए जिले में यूरिया की पर्याप्त उपलब्धता हो गई है।



जिला विपणन अधिकारी अमित तिवारी ने बताया कि रैक से आई नीम कोटेड यूरिया में से कटनी डबल लॉक केन्द्र के लिए 250 मीट्रिक टन, बहोरीबंद डबल लॉक केन्द्र के लिए 180 मीट्रिक टन उर्वरक आवंटित की जायेगी। जबकि जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक कटनी को 300 मीट्रिक टन उर्वरक आवंटित की जायेगी।

इसी प्रकार सीएमएस मार्केटिंग सोसायटी कटनी, सीएमएस उमरियापान-ढीमरखेड़ा, सीएमएस रीठी, सीएमएस बड़वारा, सीएमएस बाकल को 50-50 मीट्रिक टन तथा प्रियदर्शनी विपणन विजयराघवगढ़ को 30 मीट्रिक टन यूरिया आवंटित की जायेगी। जबकि एमपी एग्रो कटनी को 70 मीट्रिक टन खाद आवंटित की जायेगी। जिससे यहां के किसानों को पर्याप्त मात्रा में उनकी जरूरत के मुताबिक उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित हो सकेगी।

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने सभी खाद दुकानों के बाहर सूचना बोर्ड अवश्य लगाने के निर्देश दिए हैं। इस बोर्ड में प्रत्येक उर्वरक की उपलब्ध मात्रा का विवरण और इसी के सामने उर्वरक की दर लिखवाने की हिदायत कलेक्टर श्री यादव ने अधिकारियों को दिया है।

कलेक्टर ने किसानों से आग्रह किया है कि वे खाद एवं बीज से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या और शिकायत या खाद एंव बीज मिलने में असुविधा संबंधी सूचना कलेक्ट्रेट कार्यालय में बने जिला स्तरीय कंट्रोल रूम के टेलीफोन नम्बर 07622-220070 एवं 07622-220071 पर दे सकते हैं।

कलेक्टर की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक का हुआ आयोजन

# आगामी पर्वों पर सभी तरह की व्यवस्थाएं दुरूस्त रखने निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव की अध्यक्षता में बुधवार को पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित जिला शांति समिति की बैठक में आगामी सभी त्यौसहारों को अमन, शांति, सौहार्द और भाई-चारे की जिले की शानदार रिवायत के मुताबिक पर्वों एवं त्यौहारों को हर्षोल्लास एवं सद्भाव के साथ मनाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।

शांति समिति की बैठक में शनिवार 16 अगस्ता को कृष्ण जन्माष्टमी, बुधवार 27 अगस्त को गणेश मूर्ति स्थापना, शुक्रवार 5 सितंबर को मिलाद-उन-नवी और रविवार 7 सितंबर को गणेश मूर्ति विसर्जन का पर्व और त्यौहार शांतिपूर्वक उत्साह के साथ मनाये जाने पर सर्वसम्मति से चर्चा हुई।

बैठक में पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा, अपर कलेक्टर साधना परस्ते, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष डेहेरिया, एसडीएम कटनी प्रमोद कुमार चतुर्वेदी, डिप्टी कलेक्टर विवेक गुप्ता, नगर निगम आयुक्त नीलेश दुबे सहित सभी एसडीएम, थाना प्रभारी और सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## पर्याप्त रखें पुलिस बल

कलेक्टर ने त्यौहारों के मद्देनजर नगर निगम को मंदिर परिसर और सभी आयोजन स्थलों के आस-पास साफ-सफाई और मार्गों के गड्ढों को भरने तथा ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने त्यौहारों के मद्देनजर एकत्रित होने वाली भीड़ को देखते हुये शांति व कानून व्यनवस्था बनाने के उद्देश्य से पुलिस कंट्रोल रूम में पर्याप्त पुलिस बल की ड्यूटी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए ताकि किसी भी आकस्मिक स्थिति में तुरंत पहुंचा जा सके।

उन्होंने कृष्ण जन्माष्टमी सहित अन्य सभी पर्वों व त्यौहार को देखते हुये बिजली विभाग के अधिकारियों को मंदिरों एवं मेला स्थानों पर विद्युत तारों व टेलीफोन तारों को व्यवस्थित करने के भी निर्देश दिए। साथ ही कलेक्टर ने अधिकारियों को ताकीद किया कि त्यौहारों के दौरान चिन्हित स्थलों में चिकित्सिक और दवाईंयों सहित 24 घंटे एंबुलेंस की व्वस्था सुनिश्चित की जाय।

कलेक्टर श्री यादव ने सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि वे त्यौहारों के मद्देनजर थाना क्षेत्रों में शांति समिति की बैठक आयोजित करें और प्राप्त सुझावों के अनुरूप आवश्यक व्यवस्थायें और समयपूर्ण तैयारी सुनिश्चित करें।

बैठक में बताया गया कि 7 सितंबर को सायंकाल से महाआरती उपरांत गणेश विसर्जन व चल समारोह सायं काल 7.30 बजे से प्रारंभ होगा। इसके लिए कटनी नदी के मोहन घाट एवं गाटर घाट में बड़ा विसर्जन जल कुंड बनाने के निर्देश दिये गये। शांति समिति के सदस्योंट से आग्रह किया गया कि सभी प्रकार की प्रतिमाओं का विसर्जन जल कुंड में ही किया जाय ताकि नदी, नाला और तालाब के जलों में प्रदूषण न हो।

कलेक्टर ने विसर्जन स्थलों पर कुंड निर्माण, साफ-सफाई तथा प्रकाश व्यसवस्थान एवं बैरिकेटिंग करने की हिदायत दी। मसुरहा घाट और पीर बाबा घाट पर भी पूर्व बर्षों की तरह इस वर्ष भी विसर्जन कुंड बनाने के निर्देश दिये गये हैं। सभी से सुगम यातायात बनाये रखने के नजरिये से यथा उचित स्थानन व सीमा निर्धारण के साथ पंडालों का निर्माण कराने और सभी पंडालों को अस्थाायी विद्युत कनेक्शपन अवश्यर लेने के निर्देश दिये गए। इसके अलावा विसर्जन कुंडों में पुलिस बल और कार्यपालिक मजिस्ट्रेटों की तैनाती के साथ-साथ विसर्जन स्थल पर होमगार्ड के जवान, तैराक, गोताखोर, लाइफ जैकेट, मोटर बोट आदि की भी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गए।

## 7 सितंबर से गणेशोत्सव

कलेक्टर श्री यादव ने 7 सितंबर की शाम को गणेश उत्सव एवं विसर्जन पर जुलूस मार्गों में मांस-मछली की दुकानें बंद कराने के निर्देश नगर निगम को दिये। इसी प्रकार मिलाद-उन-नवी के दौरान 5 या 6 सितंबर को निकलने वाली मोटर साइकल रैली के दौरान पुलिस अधीक्षक श्री विश्वकर्मा ने शामिल होने वाले सभी व्यक्तियों से हेलमेट का उपयोग हर हाल में करने का आग्रह किया और वाहन रैली एवं जुलूस के दौरान अस्त्रव-शस्त्रह व आतिशबाजी का उपयोग नहीं करने की बात कही।




# बड़वारा ब्लाक के 9 एवं ढीमरखेड़ा ब्लाक के 11 गांवों में निकाली गई तिरंगा यात्रा

**कटनी।** हर घर तिरंगा अभियान' बड़वारा और ढीमरखेड़ा ब्लॉक के अलग अलग गांव में आयोजित किया गया। यह अभियान पूरे देश में एक साथ चलाया जा रहा है। मानव जीवन विकास समिति सचिव निर्भय सिंह के नेतृत्व में आज कटनी जिले के 2 ब्लॉक के 20 गांव में 'हर घर तिरंगा अभियान' चलाया गया। बड़वारा ब्लॉक के 9 गांव पथवारी, टिकरिया, बरगवां न.2, भदौरा न.1, बनहरा, भुड़सा, छपरवाह, धनगवां, बेहडीकलां गांव में और ढीमरखेड़ा ब्लॉक के 11 गांव सलैया, बिचुआ, आमाझाल, कोड़ो अतरिया, दादर सिहुडी, छाहर, दैगवां, पहरुआ, बांध और खंदवारा गांव में 'हर घर तिरंगा अभियान' में स्कूल छात्राओं, ग्रामीणों एवं समाजसेवियों की भारी संख्या में भीड़ रही और बड़े हर्ष के साथ अभियान लोग जुड़े। गांव में रैली निकालकर ग्रामवासियों से अपील किया गया कि आपको अपने घरों में तिरंगा फहराकर राष्ट्रध्वज का सम्मान करना है।

अभियान को सफल बनाने में समिति कार्यकर्त्ता गुलशन, ओमप्रकाश, रघुवीर, रामसखा, रमेश, अजीत, कमलेश, राजेश, भारती, अदिति, धुर्वेंद्र, ओमप्रकाश, ओमकार, अशोक, गुमान, देवराज, गोपाल, उत्तम, अजय एवं रामकिशोर चौधरी का विशेष सहयोग रहा है।

## खबर संक्षेप

### स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय जनकपुर पन्ना में तिरंगा रैली का आयोजन

**पन्ना।** श्री राम शिक्षा प्रसार एवं ग्रामीण विकास समाज उत्थान समिति द्वारा संचालित स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय जनकपुर पन्ना में तिरंगा रैली का भव्य आयोजन हुआ जिसमें महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर सौरव अग्रवाल डॉक्टर अंकित शुक्ला डॉक्टर वर्षा शर्मा एवं समस्त छात्र-छात्राओं ने सहभागिता निभाई।

### प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कल्दा का क्षय रोग शिविर का आयोजन एवं तिरंगा जागरूकता रैली

**पन्ना।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कला में क्षय रोग शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 155 संभावित क्षय रोगियों का परीक्षण किया गया। इस कार्यक्रम में जिला क्षय केंद्र पन्ना की ओर से श्री विकास श्रीवास्तव, दिनेष सिंह, अमरेश शर्मा एवं जगत कुमार प्रजापति उपस्थित हुए।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव बलराम जयंती पर किसानों के खाते में राशि अंतरित करेंगे

**पन्ना।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 14 अगस्त को मंडला से बलराम जयंती पर मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना वर्ष 2025-26 की दूसरी किस्त का किसानों के खाते में अंतरण करेंगे। इस योजना से पन्ना जिले के किसान हितग्राही भी लाभांवित होंगे। इस अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना सितंबर 2020 से लागू की गई है। इस योजना में लाभांवित किसानों को प्रति वर्ष 6 हजार रूपए की सहायता प्रदान की जाती है। यह राशि पीएम किसान सम्मान निधि योजना के अलावा है।

# राष्ट्रभक्ति के संदेश के साथ निकाली तिरंगा यात्रा

### भारत माता के उद्घोषों से गूंज उठी उपकाशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

आजादी के 79वे स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित हर घर तिरंगा अभियान के तहत बुधवार को नगर में तिरंगा रैली निकाली गई। वहीं जिसमें विधायक उमादेवी खटीक, जनपद अध्यक्ष गंगाराम पटेल, नगरपालिका अध्यक्ष शैलेंद्र खटीक, एसडीएम राकेश मरकाम एसडीओपी प्रशांत सिंह सुमन अधिकारी कर्मचारियों के साथ साथ स्थानीय लोगों ने उत्साह के साथ भाग लेकर शहर की सड़कों पर हाथों में लहराते राष्ट्रीय ध्वज और गूंजते देशभक्ति के गीत व भारत माता की जय के नारे वातावरण को देश-प्रेम से सराबोर कर रहे थे। तिरंग यात्रा पीएमश्री एमएलबी विद्यालय ध्वज लहराकर किया गया जो अंधियारा बगीचा, खचना नाका राय चौराहा से मंदिर मस्जिद चौराहा होते हुए पुनः विद्यालय पहुंची जहां भव्यता के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। यात्रा में देशभक्ति से ओतप्रोत गीतों एवं भारत माता की जयकारों से सड़कें व गलियां गूंज रही थीं, जिससे तिरंगा यात्रा की भव्यता और अधिक निखकर आकर्षण का केंद्र बन रही थी। पूरा नगर देशभक्ति और एकता के रंग में सराबोर हो गया। भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष सौरभ नेमा ने कहा कि तिरंगा हमारे गौरव, बलिदान और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है। इसे केवल फहराना ही नहीं, बल्कि इसके सम्मान और मूल्यों को जीवन में अपनाना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन करते हुए सौरभ नेमा ने लोगों को प्रेरित किया गया कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हर घर तिरंगा अभियान के तहत सभी लोग अपने-अपने घरों पर गरिमामयी तरीके से झंडा फहरायें।






नगर में इस तिरंगा यात्रा ने न केवल शहरवासियों में देशभक्ति की अलख जगाई, बल्कि यह संदेश भी दिया कि तिरंगा केवल हमारे घर की छत पर नहीं, बल्कि दिल में भी लहराना चाहिए। इस तरह का यात्रा में थाना प्रभारी धर्मेंद्र उपाध्यक्ष, भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष भोले सराफ, रत्नेश खटीक, बीईओ बीएल बिदौलया, बीआरसी एमएल अहिरवार, एमएलबी प्राचार्य सहित अन्य स्कूलों के प्राचार्य आंगनवाड़ी, आशा कार्यकर्ताओ एवं स्कूलों के छात्र-छात्राओं के अलावा नगर के हजारों लोगों ने उत्साह पूर्वक भाग लेकर यात्रा में सहभागी बने।

# स्मार्ट मीटर के भारी बिल से परेशान लोगों ने किया जाम लगाने का प्रयास

### पुलिस ने आकर खुलवाया जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा

स्मार्ट मीटर के आ रहे भारी भरकम बिलो को लेकर लोगो ने तारादेही चैराहे पर वेरीकेट लगाकर चका जाम करने का प्रयास किया गया। लेकिन पुलिस सूचना मिलने पर थाना प्रभारी नीतेश जैन ने पहुंचकर लोगो समझाया साथ ही जाम को अलग कराया गया। इसके बाद लोगो ने एसडीएम को ज्ञापन देकर स्मार्ट मीटर सं संबधित शिकायत की गई। लोगो ने ज्ञापन में उल्लेख किया है कि नगर तेन्दूबेड़ा में 15 वार्ड हैं, जिनमें अधिकांश वाडाँ में दैनिक मजदूर एवं कृषक वर्ग के लोग निवास करते हैं, जो कि विगत कुछ माहों से बिजली कम्पनी के द्वारा भारी भरकम बिलों से पीड़ति लोग बिजली वितरण कम्पनी के आफिस जाकर शिकायतें भी लगातार की जा रही है किन्तु विभाग द्वारा कोई सुनवाई नहीं की जा रही है। ऐसे मे 200 से 250 रूपए दिन की मजदूरी करने वाले मजदूर जिन्हें कुछ माह पूर्व घरेलू विद्युत कनेक्शन का लगभग 100-150 से 200-250 का तक का बिल प्रदाय किया जाता था. लेकिन जब से नगर में स्मार्ट विद्युत मीटर लगे हैं तब से वहीं विद्युत बिल 2000 से 5000 रूपए तक के प्रदान किए जा रहे हैं, और विद्युत विभाग कार्यालय जाने पर वे आवेदन देने को कहते हैं, लेकिन आवेदन पर विभाग द्वारा कोई भी कार्यवाही नहीं की जाती है। ऐसे में गरीब अपने परिवार का भरण पौषण कैसे करेगा। ज्ञापन देने बालो में रावेन्द्र घांषी, पप्पू सेन, रानू घांषी, राजेन्द्र सिंह, संजेश, हेमराज, राजेश कुमार, विजय घोषी, अरविन्द, मिलन, भारत, बल्लू, गजराज, शिवप्रसाद, हीरालाला, संतराम सहित अनेक लोग शामिल थे। थाना प्रभारी नीतेश जैन ने कहां कि स्मार्ट के कारण लोग जाम लगाने का सोच रहे थे लेकिन पुलिस ने समझाकर जाम को तत्काल ही खुलवा दिया।



# जल संरक्षण का दिया संदेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

हर घर तिरंगा, हर घर जल एवं स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन जल निगम द्वारा ग्राम हिनौता कला हटा में किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक हटा उमादेवी खटीक द्वारा घर-घर जाकर टोटी लगाकर ग्रामीण जन को जल संरक्षण करने और जल कर राशि समय पर देने अपील कर संदेश दिया गया। इसी प्रकार विकासखंड दमोह के ग्राम विसनाखेडी में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल के द्वारा कनेक्शनों में टोटी लगाकर ग्रामीणों से पानी बचाने की अपील की गई व जल संरक्षण का संदेश दिया गया। ग्राम में तिरंगा रैली एवं स्वच्छ सुजल गांव संकल्प की शपथ कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। इसी प्रकार विकासखंड तेंदूखेड़ा के ग्राम झमरा में सत्येन्द्र सिंह लोधी के द्वारा कनेक्शनों में टोटी लगाकर ग्रामीणों से पानी बचाने की अपील की गई व जल संरक्षण का संदेश दिया गया। साथ ही ग्राम में तिरंगा रंगोली एवं स्वच्छ सुजल गांव संकल्प की शपथ का कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। जल निगम महाप्रबंधक गौरव सराफ ने बताया पेय जल संरक्षण के उदेश्य से जिले में नल कनेक्शनों में टोटी लगाने का कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

# हर घर तिरंगा अभियान के तहत, कार्यक्रमों का आयोजन



**दमोह।** माधवराव सप्रे शासकीय महाविद्यालय पथरिया में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता, स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग विषय पर तिरंगा रंगोली, तिरंगा राखी निर्माण, तिरंगा पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. द्वितीय चरण में मानव श्रृंखला का निर्माण एवं तृतीय चरण में तिरंगा के साथ सेल्फी महाविद्यालय के समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थियों द्वारा अपलोड की गई। कार्यक्रम में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. जगदीश प्रसाद ने छात्र छात्राओं को राष्ट्रध्वज का सम्मान करने तथा राष्ट्रध्वज के सभी रंगों का अर्थ समझाया. कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य डॉ. विनय वर्मा द्वारा सभी को तिरंगे का सम्मान करने की शपथ दिलाई. कार्यक्रम में महाविद्यालय से शेख ताज हसन, सत्यनारायण लड़ियां, डॉ. सुधीर साहू, प्रीतेश शर्मा, चिन्मय सेन, डॉ.बलवीर ठाकुर डॉ. सरिता नेमा, सुरेंद्र सोनी एवं अधिक संख्या में विद्यार्थियों की उपस्थिति रही।

# सांदीपनि विद्यालय जबेरा मे संस्कृत सप्ताह का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा

शासकीय सांदीपनि विद्यालय जबेरा में संस्कृत सप्ताह का समापन संस्कृत रैली निकाल कर एवं संस्कृत भाषा के माध्यम से ही सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन करके किया गया। जिसका संचालन डॉ प्रमोद कुमार ने किया सहयोग श्री राम किशोर शर्मा एवं विभा तिवारी ने किया। डाँ प्रमोद कुमार ने बताया कि शासन के निदेशानुसार 6 अगस्त से 12 अगस्त तक संस्कृत सप्ताह मनाया गया। जिसमें तिलक बन्दन,संस्कृत गीत, श्लोक वाचन, संस्कृत नाटिका,संस्कृत भाषा का महत्व पर व्याख्यान छात्र छात्राओं द्वारा किया गया और बताया कि संस्कत हमारी जनभाषा बने सभी इसका बोलचाल में प्रयोग करें तभी इसकी उपयोगिता सिद्ध होगी। प्राचार्य संजय वाजपेयीने संस्कृत भाषा को वैज्ञानिक भाषा बताया और इसके महत्व में बताया कि हमारे जितने प्राचीन ग्रंथ है जैसे वेद पुराण महाभारत रामायण आदि इनकी महत्वता बतायी। इसके बाद उपप्राचार्य अजय सिंघई ने संस्कृत भाषा की उपयोगिता के बारे मे बताया। वही शिक्षक उमेश शर्मा ने संस्कृत भाषा की विशेषता बतायी कि इसे उल्टा सीधा जैसे बोले अर्थ एक ही निकलता है यह बोलने मे सरल और मधुर है यह देववाणी सभी भाषाओं की जननी है उन्होंने इसका प्रचार प्रसार करने के लिए कहा। माखन लाल साहू ने संस्कृत भाषा के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में छात्र छात्राओ के साथ सभी अभिभावकों की भी उपस्थिति रही। इस अवसर पर शिक्षक मुकेश नामदेव,पप्पूलाल राय, विवेक जैन, विनोद पटेल, दुर्गा पटेल, सुखनंदन साहू, श्रीमती मुन्नी ठाकुर, श्रीमती अर्चना खरे,प्रीति सुमन, दीप्ति कोष्टा, रिंकी साहू, शालिनी अठ्या, नीतू दीवान, राम मनोहर पाल, हीरा लाल राय, आशीष सिंह, विपिन यादव, मयंक जैन, शुभम यादव, प्रज्ञा जैन, अंजली सोनी, कीर्ति अवस्थी, पूजा राजपूत सहित समस्त स्टाफ की उपस्थिति रही।




# रक्षा बंधन बना संकल्प पर्वः जैन मिलन का 600 मंदिरों में तीर्थ व मुनि रक्षा अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

जैन समाज ने इस वर्ष पारंपरिक रक्षा बंधन को एक अनूठे आध्यात्मिक स्वरूप में परिवर्तित कर "संकल्प पर्व" के रूप में मनाया। भारतीय जैन मिलन द्वारा आयोजित इस देशव्यापी कार्यक्रम में 600 से अधिक जैन मंदिरों में एक साथ रात्रि 8 बजे नमोकार महामंत्र का जाप और मूल नायक भगवान की आरती कर तीर्थ रक्षा व मुनि रक्षा का संकल्प लिया गया। प्राचीन समय में अकम्पनाचार्य सहित लगभग 700 मुनियों पर राजा वलि ने उपसर्ग किया था। उस समय पूज्य मुनि श्री विष्णु कुमार जी ने अपने तप, आशीर्वाद और आध्यात्मिक शक्ति से वह उपसर्ग दूर कर साधु-संघ की रक्षा की। यह कथा जैन समाज को सिखाती है कि धर्म और साधु-संरक्षण केवल धार्मिक कर्तव्य नहीं, बल्कि सामाजिक उत्तरदायित्व भी है। दमोह नगर के 23 मंदिरों के साथ बाँसा, पथरिया, हटा, बनवार, पटेरा और विश्वप्रसिद्ध तीर्थ कुंडलपुर (आचार्य श्री विद्यासागर जी की तपोस्थली), विरागोदय तीर्थ (आचार्य विराग सागर जी की जन्मस्थली) तथा मुनिसुब्रत तीर्थ बाँसा (आचार्य उदार सागर जी की जन्मस्थली) में भी यह आयोजन श्रद्धा और उत्साह से संपन्न हुआ। दिलेश चौधरी, क्षेत्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष हमने आज न केवल एक मंत्र का जाप किया, बल्कि अपने धर्म और परंपरा की रक्षा के लिए सार्वजनिक संकल्प लिया सुधीर सिंघई, क्षेत्रीय मुख्य संयोजक — "तीर्थ और मुनि रक्षा केवल जैन समाज का नहीं, बल्कि संपूर्ण मानवता का कर्तव्य है। कविता ऋषभ जैन, क्षेत्रीय मंत्री — मुनि श्री विष्णु कुमार जी का वात्सल्य हमारे लिए प्रेरणा है; हमें भी उसी भावना से अपने तीर्थ और मुनियों की रक्षा करनी चाहिए। इस आयोजन को सफल बनाने में अनेकों कार्यकर्ताओं का योगदान सराहनीय रहा। कुण्डलपुर में हुये ऐतिहासिक आयोजन के लिये क्षेत्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष दिलेश चौधरी ने इसे एक अविस्मरणीय और उत्साहवर्धक आयोजन बताते हुये संयोजक अनिल पुजारी एवं शाखा अध्यक्ष नरेन्द्र बजाज की सराहना की

# रात में ट्रक से खाद खाली होने का लोगों ने वीडियो किया वायरल

### जांच में खुलासा हुआ है कि लायसेंसधारी दुकानदारों ने नियामानुसार एनएफएल कम्पनी से मंगाया था खाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

खाद की कमी किसानो के अलावा लोगो के दिलो में भी चोट कर रही है। अगर किसी लायसेंसधारी का खाद दुकान में उतर रहा होता है तो लोगो को यहीं शंक्का होती है कि खाद की कालाबाजी की जा रही है। ऐसा ही मामला मंगलवार की रात हुआ है। रात लगभग साढे 11 बजे 14 चक्का ट्रक क्रमाक एमपी 21 एच 1254 सेयूरियां खाद की वोरियां 27 मील एवं नगर के एक व्यापारी की दुकान पर उतारते समय नगर के लोगो ने वीडियां बनाकर सोसल मीडियां पर वायरल कर दिए गए साथ ही आरोप लगाए गए कि एक तरफ किसानो को खाद नहीं मिल रहा है। वही दूसरी ओर खाद की कालाबा जारी की जा रही है। जिस कारण रात में ही प्रशासन के अधिकारियों ने पहुंचकर ट्रेक की जानकारी ली गई साथ ही पुलिस ने खाली ट्रेक को अपने अभिरक्षा में थाने में रखवाया गया था। इसके अलावा एसडीएम सौरभ गंधर्व ने कृषि विभाग के अधिकारियों को जॉच के आदेश जारी कर दिए गए। हालाकि जॉच में खुलासा हुआ है कि खाद की कालावाजारी नहीं की गई है। ये खाद एनएफएल कम्पनी का खाद है जिसकी रसीद भी दुकानदारो के पास मिली है। एसडीएम सौरभ गंधर्व ने बताया कि कृषि उप संचालक से ट्रेक द्वारा जिन दो दुकानो में खाद उतारा गया है उनकी जॉच कराई गई है। जॉच में पाया गया है कि दोनो गोदाम रजिस्टर्ड है जिनके पास खाद विक्रय का लायसेंस है। साथ ही एनएफएल कम्पनी का खाद है। जिनकी रसीद दुकानदारो के पास है। लोग जबरजस्त बिना सोचे समझे ही सोसल मीडियां पर प्रशासन के खिलाफ गुमराह करने का प्रयास किया जाता है।




# तिरंगा यात्रा की तैयारियों को लेकर हुई बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा

अमर शहीद वीरांगना रानी अवंतीबाई लीधी की जयंती पर विशाल तिरंगा यात्रा एवं सांस्कृत कार्यक्रम 16 अगस्त दमोह में होना है जिसकी तैयारियों को लेकर नगर के सामुदायिक भवन में भाजपा के वरिष्ट कार्यकर्ता व पदाधिकारियों एवं गणमान्य नागरिको की बैठक राज्य मंत्री धमेन्द्र सिंह लोधी के भाई सतेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में हुई। जिसमें आगामी तिरंगा यात्रा को लेकर तैयारियों एवं रूप रेखा पर चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित लोगो से अधिक से अधिक संख्या में मौजूद रहने की अपील की गई। मंडल अध्यक्ष संतकुमार पाल, मूरत सिंह, अरविन्द कुमार मोदी, नगर परिषद अध्यक्ष सुरेश जैन, पंडित रमेश तिवारी, भागंद जैन, राजकुमार ठाकुर, राजू रसियां, चेतन जैन, सतेन्द्र जैन, गुडडा मसाब, गोविन्द तोमर, सोमनाथ सोनी, लक्ष्मी नामदेव, सत्यम जैन, गोविन्द यादव, गौरी साहू, रामकुमार साह, संतोष दुवे, गिरवर सिंह, विपिन घोषी, द्वारका सिंह सरपंच, सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

### आयुष्मान आरोग्य शिविरों का आयोजन आज

**पन्ना।** आयुष विभाग द्वारा 14 अगस्त को जिले के 15 आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में आयुष्मान आरोग्य शिविरों का आयोजन किया जाएगा। संक्रामक रोगों का प्रबंधन-राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत इन शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जिला आयुष अधिकारी डॉ. रितु द्विवेदी ने बताया कि शिविर के दौरान संक्रामक रोगों के प्रबंधन में आयुष की भूमिका के बारे में जानकारी भी दी जाएगी। संक्रमण की रोकथाम, शीघ्र पहचान, उपचार व नियंत्रण इत्यादि के बारे में जनसामान्य को अवगत कराया जाएगा। आमजनों से अधिकाधिक संख्या में शिविर में उपस्थित होकर लाभ उठाने का आग्रह किया गया है। गुरूवार को आयुष्मान आरोग्य मंदिर पन्ना सहित महेबा, बृजपुर, मड़ला, पहाड़ीखेरा, झिन्ना, बहिरवारा, मकरंदगंज, कोठी, बघवार, बिसानी, श्यामगिरी और सथनियां में शिविर लगेंगे। इसके अलावा आयुष्मान आरोग्य मंदिर (यूनानी) द्वारी तथा आयुष्मान आरोग्य मंदिर (होम्योपैथी) पवई में भी आयुष्मान आरोग्य शिविर लगाया जाएगा।

### जे.पी. सोनकर नोडल अधिकारी नियुक्त

**पन्ना।** पन्ना जिले में भूकंप पूर्व तैयारी और क्षमतावर्धन कार्यक्रम अंतर्गत जिला स्तरीय भूकंप रोधी संरचना निर्माण विषय पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण जिला मुख्यालय पर 11 से 13 फरवरी 2026 को आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। इस प्रशिक्षण में भूकंप आपदा प्रबंधन, बिल्डिंग कोड्स, फायर सेफ्टी कोड, स्ट्रक्चर एनालिसिस, सॉफ्टवेयर इत्यादि के बारे में शासकीय एवं निजी सिविल इंजीनियर, सिविल वर्क प्रोफेशनल तथा सिविल इंजीनियरिंग में अध्ययनरत विद्यार्थियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। कलेक्टर सुरेश कुमार ने प्रशिक्षण के लिए कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग जे.पी. सोनकर 9424462327 को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। उल्लेखनीय है कि गृह विभाग के आपदा प्रबंधन संस्थान के सचिव एवं कार्यपालन संचालक द्वारा अवगत कराया गया है कि भूकंपीय दृष्टि से पन्ना सहित मध्यप्रदेश के 28 जिले सिस्मिक जोन 3 और शेष जिले सिस्मिक जोन 2 में आने से प्रदेश में समय-समय पर भूकंपीय झटके महसूस किए जाते हैं।

## खबर संक्षेप

### फरार वारंटी गिरफ्तार

**दमोह।** कोतवाली पुलिस द्वारा 08 साल एवं 04 साल से फरार 02 स्थायी वारंटीयों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस अधीक्षक दमोह द्वारा संचालित शून्य शक्ति अभियान के तहत स्थायी बारण्टियो की दस्तयाबी एवं धरपकड हेतु प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है जो उक्त निर्देशों के पालन में पुलिस अधीक्षक दमोह के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दमोह एवं नगर पुलिस अधीक्षक दमोह के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष कुमार के नेतृत्व में थाना के 08 साल से फरार स्थायी बारण्टी शिवम उर्फ शुभम जाटव उम्र 29 साल नि. मागंज वार्ड 6 पथरिया फाटक दमोह एवं सरद उर्फ डीजे पिता रमेश जाटव उम्र 22 वर्ष नि. पथरिया फाटक दमोह की गिरफ्तारी हेतु टीम गठित की गयी जिसमे सउनि. अलजार सिह आर. 822 मनोज पाण्डेय आर. 744 कृष्णकुमार आर. 413 राजेश ठाकुर, आर. 146 रानू राय को सायबर सेल प्र.आर. राकेश अठ्या के सहयोग से टीम द्वारा सागर इतवारी टौरी थाना मोतीनगर जिला सागर से गिरफ्तार किया गया बारण्टी शुभम जाटव को 02 स्थायी बारण्टो मे गिरफ्तार किय गया। जिन्हे माननीय न्यायालय पेश किया गया।

# भारत देश को हम फिर से विश्व गुरु बनाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



निश्चित रूप से जिस प्रकार यह आजादी का अमृत महोत्सव चल रहा है और अमृत महोत्सव के पच्चीस वर्ष हैं, इन पच्चीस वर्षों में हम सब संकल्प लेकर तिरंगा यात्रा निकाल रहे हैं कि आने वाले जब भारतवर्ष के 2047 में 100 वर्ष पूरे होंगे, हम अपने इस भारत देश को नंबर एक का देश बनाएंगे, फिर से विश्व गुरु बनाएंगे, इतना ताकतवर देश बनाएंगे कि दुनिया की कोई ताकत हिंदुस्तान की तरफ नजर उठाकर न देख सके और 2047 तक भारत देश को विकसित देश की श्रेणी में लाकर खड़ा करना है। यह सारे संकल्पों को लेकर यह तिरंगा यात्रा हमने निकाली है और नारे भी लगाए हैं कि विजयी विश्व तरंगा प्यारा झंडा ऊंचा रहे हमारा₹ इस तिरंगा यात्रा के माध्यम से हम सभी अमर शहीदों को भी याद कर रहे हैं और उस विभीषिका को भी याद कर रहे हैं। इस आशय के विचार प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने आज दमोह की तहसील ग्राउण्ड से तिरंगा यात्रा के समापन अवसर पर कही। संस्कृति राज्यमंत्री श्री धर्मेन्द्र सिंह ने कहा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी और प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी के निर्देशानुसार और हम सब की भावना के अनुसार जो देशभक्ति की भावना हमारे अंदर है, उसका प्रकटीकरण करने के लिए पूरे देश में इस प्रकार की तिरंगा यात्राएं निकाली जा रही हैं। मध्यप्रदेश पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के अध्यक्ष डॉ. रामकृष्ण कुसमरिया ने कहा 15 अगस्त वह पवित्र दिन है, जिस दिन हमने आजादी पाई और इस आजादी के लिए लाखों हमारे नौजवान शहीद हो गये हैं, अमर हो गए, कुर्बान हुए और आज अमरत्व का जो सिंचन और जिज्ञासा जगाई जा रही है, स्वतंत्रता हमारी कायम रहे और जीवन के हर पहलू में हम खुशहाल रहें। पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी ने कहा कि आज तिरंगा यात्रा का आयोजन हुआ। जैसा कि कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर जी ने बताया है कि सर्व समाज, सर्व धर्म के लोग यहां पर शामिल हुए थे और एक बहुत लंबी और बहुत ही वृहद तरीके से एक अच्छी तिरंगा यात्रा निकाली गई। हमारा पुलिस का बल जो आज फाइनल परेड रिहर्सल के लिए उपलब्ध था, वह भी इसमें शामिल हुआ था। पुलिस बैंड भी शामिल हुआ है और राज्यमंत्री श्री धर्मेंद्र सिंह लोधी इसका नेतृत्व कर रहे थे। वृहद रूप से बहुत ही शानदार तिरंगा यात्रा निकाली गई।



## जनपद पंचायत ने निकाली तिरंगा यात्रा

**पटेरा।** जनपद पंचायत पटेरा में तिरंगा यात्रा निकाली गई। जिरंगा यात्रा कुंडलपुर तिराहे रूंद वाले मंदिर से प्रारंभ तो कर जनपद पंचायत, हटा तिराहा, बस स्टेण्ड, उत्कृष्ट विद्यालय होकर वापिस जनपद पंचायत पहुंची जहां उसका समापन किया गया। जनपद सीईओ हलधर मिश्रा, पूर्व अध्यक्ष बद्री पटैल ने तिरंगा यात्रा आयोजन पर अपनी बात कही। सभी का आभार अंगद सिंह पंचायत निरीक्षक ने माना। तिरंगा यात्रा में जनपद अध्यक्ष मल्लोबाई आदिवासी, उपाध्यक्ष राजेश पटैल, जनपद सदस्यगण, सरपंच सचिव एवं जनपद पंचायत मनरेगा अजीविका मिशन प्रबंधक सहित जनपद के सभी कर्मचारी, उपयंत्री एवं आमजन भी शामिल रहे।



# भाजपा आज निकालेगी तिरंगा यात्रा

**दमोह।** भारतीय जनता पार्टी दमोह जिला 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन किया जायेगा। यह आयोजन शाम 4 बजे जिला भाजपा कार्यालय में होगा, जिसकी रूपरेखा जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे के मार्गदर्शन और जिले के प्रभारी मंत्री इंदर सिंह परमार के मुख्य आतिथ्य में तय की गई है। कार्यक्रम में वे विस्थापित परिवार, जिन्होंने भारत-पाक विभाजन की त्रासदी को प्रत्यक्ष रूप से झेला है, अपनी आपबीती साझा करेंगे। साथ ही, एक विशेष अभिलेख प्रदर्शनी में विभाजन काल की दुर्लभ दस्तावेज़, चित्र और सामग्री प्रदर्शित की जाएगी, ताकि नई पीढ़ी को इस ऐतिहासिक घटना के दर्द, संघर्ष और वीरता की गाथाओं से अवगत कराया जा सके। कार्यक्रम के पश्चात शाम 6 बजे भव्य तिरंगा यात्रा जिला भाजपा कार्यालय से प्रारंभ होगी, जिसमें प्रभारी मंत्री इंदर सिंह परमार, जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे, सांसद राहुल सिंह, एवं विधायकगण शामिल होंगे। यह यात्रा अंबेडकर चौक, घंटाघर, एवरेस्ट लॉज, राय तिराहा, स्टेशन चौराहा, बस स्टैंड, कोऑपरेटिव बैंक, के. एन. कॉलेज होते हुए त्रिमूर्ति पार्क में सम्पन्न होगी। त्रिमूर्ति पार्क पहुंचकर नेताओं द्वारा आमजन एवं कार्यकर्ताओं को संबोधित किया जाएगा। पार्टी ने जिले के सभी वर्तमान एवं पूर्व पदाधिकारियों, वरिष्ठ व युवा कार्यकर्ताओं, एवं आम नागरिकों से अपील की है कि वे सायं 6 बजे हर घर तिरंगा संकल्प के साथ इस तिरंगा यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में शामिल हों और देशभक्ति का संदेश दें।

# प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में होंगे अनेक कार्यक्रम

### सुबह तिरंगा मार्च, दोपहर कलेक्ट्रेट में मनाई जायेगी बलराम जयंती, लगेगा रक्तदान शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने जिलवासियों से कहा 14 अगस्त के दिन विशेष कार्यक्रम प्रभारी मंत्री इंदर सिंह परमार जी की अध्यक्षता में आयोजित होंगे। सुबह 10 बजे सभी कीर्ति स्तंभ स्थल पर एकत्रित होंगे तथाम पुलिस और जिला प्रशासन मिलकर एक बड़ा तिरंगा मार्च निकालेंगे, इसकी विशेषता यह होगी कि इसमें एक साइकिल रैली और बाइक रैली होगी। पुलिस बल के साथी बाइक से सम्मिलित होंगे और स्कूली छात्र-छात्राएं और सामाजिक संगठनों के लोग, युवा साइकिलों से सम्मिलित होंगे। और इसका नेतृत्व प्रभारी मंत्री जी करेंगे। यह शहर के विभिन्न मार्गों से होती हुई समाप्त होगी। उन्होंने कहा मेरा आवाहन है कि बड़ी से बड़ी संख्या में हम सभी यहाँ पर उपस्थित हों और इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएँ। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा 14 अगस्त को ही बलराम जयंती के अवसर पर बलराम मेला कलेक्ट्रेट परिसर में लगाया जाएगा। सभी किसान संगठनों और किसान बंधुओं से आग्रह है कि मेले में अपनी सहभागिता निभायें। इस मौके पर एक रक्तदान शिविर भी कलेक्ट्रेट में आयोजित होगा अधिक से अधिक संख्या में ऐसे वयस्क रक्त दे सकेंगे।

### 5 अगस्त को विभिन्न कार्यक्रमो में लेंगे भाग मंत्री

**दमोह।** जिले के प्रभारी मंत्री एवं प्रदेश के उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, आयुष विभाग श्री इंदर सिंह परमार आज 14 अगस्त से दो दिवसीय प्रवास पर रहेंगे और विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे। जिले के प्रभारी मंत्री श्री परमार शुक्रवार 15 अगस्त को प्रातः 7:30 से 8:15 तक पार्टी कार्यालय में झंडा वंदन करेंगे। प्रातः 8:15 से 8:45 तक सर्किट हाउस में समय आरक्षित रखा गया है। प्रभारी मंत्री श्री परमार प्रातः 09 बजे से स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह एवं अन्य कार्यक्रमों में भाग लेंगे, दोपहर 12 बजे शासकीय प्राथमिक विद्यालय ग्राम ग्वारी में मध्याह्न भोजन कार्यक्रम में शामिल होंगे, अपराह्न 01 बजे से ग्राम ग्वारी में जल-जीवन मिशन अंतर्गत टोंटी लगाओ अभियान में भाग लेंगे, अपराह्न 02 बजे से ग्राम हथनी में वन विभाग द्वारा आयोजित एक पेड़ मॉ के नाम अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम में सहभागिता निभायेंगे। प्रभारी मंत्री श्री परमार अपराह्न 2.30 बजे से 04 बजे तक सर्किट हाउस में रहेंगे समय आरक्षित रखा गया है। आप अपराह्न 4.30 बजे बेलाताल सौंदर्यीकरण कार्य का लोकार्पण करेंगे, अपराह्न 5.30 बजे से पीएम श्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस पी.जी कॉलेज में स्थानीय कार्यक्रम लोक सेवा आयोग, नीट एवं पी.ए.टी निःशुल्क कोचिंग का शुभारंभ करेंगे तथा शासकीय माध्यमिक विद्यालय सनकुइया के विद्यार्थियों की प्रस्तुति देखेंगे। प्रभारी मंत्री सायं 07 बजे सर्किट हाउस पहुचेंगे समय आरक्षित रखा गया है।

# जनपद परिसर से किसानों को कूपन वितरण किया जाएगा



### पिछले 20 दिनो किसानो को विधिवत खाद वितरण हो जिस के लिए सुबह से शाम तक अधिकारी-कर्मचारी एवं पुलिस प्रशासन बना रहा व्यवस्था

**तेंदूखेड़ा।** आज जनपद पंचायत के परिसर से किसानो को खाद के कूपन वितरण किए जाएगे। जिसके लिए तीन कांउटर बनाए गए है। पटवारी एवं सचिव कूपनो का वितरण करेगे। किसानो को कूपन लेने के लिए बही लानी पडेग़ी इसके बाद ही एक वही पर एक कूपन दिया जाएगां। ज्ञात हो कि किसानों को खाद उपलब्ध कराने के लिए प्रशासनिक अमले के द्वारा बीते लगभग 20 दिनों से निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। सुबह 6 बजे से ही अधिकारी-कर्मचारी डबल लॉक गोदामों पर पहुंचकर खाद वितरण कराने के लिए लग जाते है। ताकि किसानों को समय पर खाद मिल सके। खाद वितरण व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने में अधिकारियों और कर्मचारियों को भारी मशक्कत का सामना करना पड़ रहा है। दमोह सहित अन्य थानो का पुलिस बल व्यवस्था संभालने में लगाया गया है, ताकि भीड़ प्रबंधन और शांति व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके। इस दौरान कृषि विभाग, राजस्व विभाग, जनपद पंचायत, पुलिस प्रशासन सहित अन्य संबंधित विभागों की टीम मिलकर किसानों को राहत पहुँचाने हेतु लगातार लगी है। अधिकारियों ने किसानों से अपील की है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और प्रशासन द्वारा निर्धारित समय व स्थान पर ही खाद लेने पहुंचे। पर्याप्त मात्रा में खाद की व्यवस्था की जा रही है, अतः सभी को उनकी आवश्यकता अनुसार खाद उपलब्ध कराई जाएगी। तहसीलदार विवेक व्यास ने कहां है कि बुधवार से खाद वितरण के लिए पॉच कांउटर बनाए गए है प्रतिदिन 1500 किसानो को प्रतिदिन खाद का वितरण किए जाने की व्यवस्था की गईं। खाद पर्याप्त मात्रा में है जिसके लिए शनिवार एवं रविवार को भी खाद वितरण किया जाएगां। अगर 15 अगस्त को पुलिस बल मिल जाएगां तो 15 अगस्त को भी खाद वितरण किया जाएगां।

# समूचे विकास का सूचकांक है पंचायत उन्नति सूचकांक

### विमोचन कार्यशाला हुई सम्पन्न, उत्कृष्ट पंचायतों को किया गया सम्मानित



**दमोह।** पंचायत उन्नति सूचकांक 1.0 कार्यशाला जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटैल की अध्यक्षता में जिला पंचायत के सभागार में संपन्न हुई। कार्यशाला में जिला पंचायत उपाध्यक्ष मंजुलता धर्मेन्द्र कटारे, जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रवीण फुलपगारे मौजूद थे। कार्यशाला को मास्टर ट्रेनर अतिथि विद्वान (रिसोर्स पर्सन) राहुल, झनक सिंह, क्षेत्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज प्रशिक्षण संस्थान ने पंचायत एडवांसमेट सूचकांक 1.0 एवं पंचायत एडवांसमेट सूचकांक 2.0 की डिटेल जानकारी देते हुए ग्राम पंचायत विकास कार्यक्रम, (जी पीडीपी ) एवं ग्राम पंचायत के लिए स्थानीय सतत विकास लक्ष्यों की पूर्ति में महत्व, पोर्टल पर अपलोड करने की ट्रेनिंग दी गई । थीम बेस्ड पंचायत विकास कार्यक्रम एवं पंचायत उन्नति सूचकांक 2.0 के लिए प्रशिक्षित किया। जिले में पंचायत विकास सूचकांक PAI 1.0 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली ग्राम पंचायत का चयन कर उन्हें नकद राशि देकर सम्मानित किया गया जिनमें प्रथम 11000 रुपए ग्राम पंचायत गंज बरखेरा जनपद पंचायत बटियागढ, द्वितीय 7100 रुपए ग्राम पंचायत सरिया जनपद पंचायत बटियागढ़, तृतीय 5100 रुपए ग्राम पंचायत फुटेराकला जनपद पंचायत बटियागढ़ एवं अन्य चयनित रेटिंग के अनुसार 7 ग्राम पंचायत को 2100-2100 रुपए की नगद राशि एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया तथा अन्य 10 पंचायत को सांत्वना पुरस्कार के तहत प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया।

उन्होने बताया कि विकास और प्रगति का सूचकांक PAI सहायक परियोजना अधिकारी श्री डा प्रकाश गौतम द्वारा बताया गया की एक तरह से PAI हमारे पंचायत के समूचे विकास और प्रगति पथ को दर्शाता है, जिसके माध्यम से हम समीक्षा कर सकते है एवं नई कार्ययोजना बना कर लक्ष प्राप्ति को अग्रसर होते है, PAI 1.0 के विमोचन एवं प्रचार प्रसार करते हुए पंचायत उन्नत सूचकांक के पंचायत उन्नति सूचकांक वेबसाइट में प्रविष्टि करने के बारे में बताया गया एवं अन्य जानकारियां ग्राम पंचायत सचिव सरपंच लाइन विभाग के अधिकारी एवं जिला अधिकारियों जनपद अधिकारियों वं जिला पंचायत के अधिकारी/कर्मचारी, जिला समस्त BC एवं ऑपरेटर RGSA आदि के द्वारा प्रशिक्षण संपन्न कराया गया। अच्छा कार्य करने हेतु पंचायत उन्नति सूचकांक के आधार पर वित्त वर्ष 23- 24 में **A** एवं **A+** कैटिगरी में आने हेतु सभी को प्रेरित किया गया, आने वाले समय में **PAI** पोर्टल के आधार पर पंचायत के विकास का मूल्यांकन किया जाएगा।

# बनवार में तिरंगा रैली में दिखाई देशभक्ति की मिसाल



**बनवार।** आजादी का अमृत महोत्सव के तहत शुरू किए गए 'हर घर तिरंगा' अभियान ने देशभर में जोर पकड़ लिया है। इस अभियान का उद्देश्य हर भारतीय के दिल में देशभक्ति की भावना जगाना और राष्ट्रीय ध्वज के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। इसी कड़ी में जबेरा विधानसभा के ग्राम बनवार में विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई, जिसमें संस्कृति एवं पर्यटन राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी शामिल हुए। मंत्री धर्मेंद्र सिंह ने स्कूली बच्चों के साथ रैली में तिरंगा फहराया और देशभक्ति का जज्बा दिखाया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में शुरू हुआ यह अभियान आज एक जन-आंदोलन बन चुका है, जो राष्ट्र को एकता के सूत्र में पिरोता है और देशभक्ति की भावना को मजबूत करता है। यह अभियान दर्शाता है कि 140 करोड़ देशवासी उस स्वतंत्र भारत को विकसित और सर्वश्रेष्ठ बनाने के लिए संकल्पित हैं, जिसका सपना असंख्य स्वतंत्रता सेनानियों ने अपने त्याग, तप और समर्पण से देखा था। तिरंगा यात्रा में बनवार मंडल अध्यक्ष रिंकू रोहित जैन, मणि शंकर शर्मा, मणि शंकर अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में स्कूली बच्चों ने भाग लिया। सभी नेताओं और नागरिकों ने तिरंगा यात्रा के माध्यम से देशभक्ति की भावना को मजबूत करने का संदेश दिया। इस अवसर पर मंत्री धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि यह अभियान हमें एकजुट होकर देश के विकास और समृद्धि के लिए काम करने की प्रेरणा देता है।

# पटेरा में विकासखण्ड स्तरीय शैक्षिक संगोष्ठी का हुआ सफल आयोजन



### कैलाश कुर्मी और नीशू नागोत्रा ने प्राप्त किया प्रथम स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

लोक शिक्षण संचालनालय मध्यप्रदेश, भोपाल के आदेशानुसार शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पटेरा में विकासखण्ड स्तरीय शैक्षिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का विषय-₹ राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के परिपेक्ष में शिक्षा सभी के लिए सुलभ ,गुणवत्तापूर्ण और समग्र बनाने की आवश्यकता₹ रहा। लोक शिक्षण संचालनालय के आदेशानुसार निर्णायक समिति में विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी मुकेश गूजरे,उत्कृष्ट प्राचार्य श्रीमती वंदना भोज, शिक्षाविद् श्यामाचरण खिरा प्राचार्य शासकीय हाईस्कूल मझगुवां पतौल, सुरेन्द्र कटहरे प्राचार्य शासकीय कन्या हाईस्कूल पटेरा रहे। विकासखण्ड पटेरा से पुरुष वर्ग से प्रथम स्थान नवाचार करने वाले शिक्षक कैलाश कुर्मी ,शासकीय हाईस्कूल राजाबंदी और महिला वर्ग से प्रथम स्थान श्रीमती नीशू नागोत्रा उ.मा.शि., उत्कृष्ट विद्यालय पटेरा ने प्राप्त किया। विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी ने चयनित शिक्षकों को शाल,श्रीफल और शील्ड देकर सम्मानित किया एवं जिला स्तरीय संगोष्ठी में सफल होने के लिए अग्रिम शुभकामनाएं दी। संगोष्ठी में विकासखण्ड पटेरा से नरेंद्र पटेल श्यामसुंदर प्यासी, अजीत अवस्थी, सुदामा प्रसाद , नवेंद्र अठया,लक्ष्मण विश्वकर्मा सहित अनेक शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहें। चयनित शिक्षकों को उनकी इस उपलब्धि के लिए चारों तरफ से आर्शीवाद और शुभकामनाएं प्राप्त हो रहीं।

शासन के आदेशानुसार कार्यक्रम के आयोजक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी मुकेश गूजरे रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षक कमलेश शर्मा ने किया।

### लव जिहाद मामला में लड़की ने किया वीडियो जारी

# युवती बोली : मैं अपनी मर्जी से भागी, पिछले 7 साल से जानती हूं सरवर मुस्लिम है

### बजरंग दल ने दी चेतावनी यदि शीघ्र गिरफ्तार नहीं किया तो होगा उग्र आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

नगर में कथित लव जिहाद का मामला नया मोड़ ले चुका है जहां मुस्लिम युवक के साथ भागी युवती ने सोशल मीडिया पर वीडियो जारी कर सभी आरोपों को खारिज कर दिया है। युवती ने वीडियो में कहा कि उसने सरवर खान से अपनी मर्जी से शादी की है वह 9 अगस्त को अपनी इच्छा से उनके साथ गई थी। उसने वीडियो में बताया कि वह पिछले 7 सालों से सरवर को जानती है और उसे पहले से पता था कि वह मुस्लिम है।

इससे पहले हिंदू संगठनों ने युवती के परिजनों के साथ हटा थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। उनका आरोप था कि गैसाबाद निवासी सरवर खान ने खुद को सौरभ बताकर युवती को अपने जाल में फंसाया है। पुलिस ने इस मामले में गुमशुदगी का केस दर्ज किया था। युवती की उम्र 20 वर्ष है। सरवर 22 वर्ष का है और एक हार्डवेयर की दुकान में काम करता है दोनों बालिग हैं। युवती ने वीडियो में यह भी स्पष्ट किया कि इस मामले में सरवर के परिवार का कोई हाथ नहीं है। उसने चेतावनी दी कि अगर उन दोनों या सरवर के परिवार को कुछ होता है, तो इसके लिए उसके परिजन और रिश्तेदार जिम्मेदार होंगे। वही वीडियो जारी होने के उपरांत हिंदू संगठनों में काफी आक्रोश पनप रहा है जहां बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर कहा कि हिंदू लड़की को लेकर भागा सरवर द्वारा अपने मोबाइल से वीडियो बनाकर जारी कर रहा है लेकिन पुलिस ढूंढने में नाकाम है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि 24 घंटे के भीतर आरोपी नहीं पकड़ा गया तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।

# गुड टच और बेड टच की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह




विश्वविद्यालय की ओर से शिक्षा एवं पुस्तकालय संकाय द्वारा डी. पी.एस दमोह विद्यालय में गुड टच और बेड टच विषय पर शिक्षा अधिष्ठाता डॉ. स्वर्ण कौर द्वारा एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता के रूप उन्होंने छात्रोंओ को सही और ग़लत स्पर्श के बारे में जानकारी दी। साथ ही छात्राओं को अपनी आत्म सुरक्षा के बारे में बताया गया। फिल्म के माध्यम से उन्हें समझाया कि किन-किन परिस्थितियों में उन्हें सर्तक रहना चाहिए तथा असहज महसूस होने पर तुरंत माता पिता को बताना चाहिए। इस कार्यक्रम में डी.पी.एस दमोह की छात्राऐ शिक्षिकाऐ उपस्थित रहीं. संकाय डॉ शोभा उपाध्याय ने गुड टच और बेड टच के उद्देश्यों को सरलता से समझाया साथ ही डॉ. स्वदेशी जैन ने इसके महत्व पर प्रकाश डाला। आज का यह कार्यक्रम एकलव्य विश्वविद्यालय की माननीय कुलाधिपति डॉ सुधा मलैया जी के कुशल निर्देशन तथा प्रति कुलाधिपति पूजा मलैया रति मलैया माननीय कुलगुरू डॉ पवन जैन कुलसचिव डॉ प्रफुल्ल शर्मा छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ शैलेन्द्र जैन के कुशल नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। तकनीक सहायक के रूप में ऋषभ उपाध्याय मौजूद रहे। कार्यक्रम का समापन डी.पी.एस विद्यालय की उपप्रधानाचार्य आंकाक्षा पटैल द्वारा आभार व्यक्त करके किया गया।

## वीर शिरोमणि दुर्गादास राठौड़ जी 387 वीं जयंती धूमधाम से मनाई



**पथरिया।** वीर शिरोमणि दुर्गादास राठौड़ जी 387 वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ लोगों का सम्मान समारोह किया गया तथा सामूहिक सुंदरकांड का आयोजन धर्मशाला प्रांगण में किया गया। समाज के वरिष्ठ लोगों ने वीर शिरोमणि दुर्गादास राठौड़ जी का जीवन परिचय समाज के युवाओं को वक्तव्य के रूप में दिया जिससे युवा उनके जीवन से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण के काम में पूरी तन्मयता से लगे रहे। इस अवसर पर राठौर क्षत्रिय समाज पथरिया के अध्यक्ष झुन्नीलाल राठौर का आशीर्वाद समारोह भी आयोजित किया गया।